# जनसुनवाई से जेल तक और फिर रिहाई

## किसान पिता-पुत्र का कांग्रेस ने किया स्वागत





**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचे किसान पिता-पुत्र को मंगलवार शाम जेल भेजे जाने का मामला बुधवार को राजनीतिक रंग ले गया। घटना के विरोध में कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया, वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी प्रशासन से चर्चा कर मामले में हस्तक्षेप किया। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद किसान कुमरावत को जमानत तो मिल गई, लेकिन देर रात होने के कारण जेल मैनुअल के तहत उनकी रिहाई संभव नहीं हो सकी।**

इसके चलते दोनों को रात जेल में ही बितानी पड़ी। बुधवार सुबह जिला जेल से पिता-पुत्र की रिहाई होते ही कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम पाल सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी, नेता प्रतिपक्ष मल्लू राठौर सहित कई नेता मौजूद रहे।

सभी ने दोनों को माला पहनाकर सम्मानित किया। रिहाई के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता बाजे-गाजे के साथ जुलूस के रूप में किसान पिता-पुत्र को गांधी भवन तक लेकर पहुंचे, जहां आगे की रणनीति और चर्चा की गई।इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यवाही और जनसुनवाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं कांग्रेस ने इसे किसानों की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए विरोध जारी रखने के संकेत दिए हैं।

# शोक व्यक्त करने बोहरड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री यादव



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** लोकसभा क्षेत्र सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के अनुज स्व. विश्वनाथ पाटील के दु:खद निधन विगत दिनों हो गया था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हैं, क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि, प्रदेश के मंत्री और पदाधिकारी ग्राम बोहरडा पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं।

समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बुधवार सुबह शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के निज निवास ग्राम बोहरड़ा पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री यादव ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को ढांढस बंधाया।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को मुख्यमंत्री यादव के साथ ही मंत्री तुलसीराम सिलावट विधायक अर्चना चिटनीस, मंजू दादू, कंचन मुकेश तनवे, जिले के प्रभारी अंबाराम कराडा, जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, खंडवा जिला जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, पूर्व विधायक अजजा मोर्चे की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर, महापौर माधुरी अतुल पटेल, अनिल भोसले, , महामंत्री चिंतामण महाजन, हरीश कोटवाले, मीडिया प्रभारी मुकेश पूर्व सहित क्षेत्रवासी ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# सीईओ डॉ . गौड़ा ने दूरस्थ ग्रामों का दौरा कर देखे विकास कार्य



**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा ।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बुधवार को खालवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सालीढाना, रोशनी, मुहालखारी, भोजूढाना का दौरा कर वहां संचालित ग्रामीण विकास कार्यों का जायजा लिया।**

इस दौरान उन्होंने जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत रोशनी नदी के पुनर्जीवन के लिए कराये जा रहे कार्य का निरीक्षण भी किया।उन्होंने भ्रमण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए कराए जा रहे सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद खालवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित थे।

# इमलीपुरा स्लॉटर हाउस शहर से बाहर करने की मांग

## जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर के घनी आबादी वाले इमलीपुरा क्षेत्र में संचालित स्लॉटर हाउस को हटाने की मांग अब शासन के उच्च स्तर तक पहुँच गई है। स्थानीय नागरिकों के बढ़ते आक्रोश और जनहित को देखते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और क्षेत्रीय विधायक कंचन मुकेश तनवे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को औपचारिक पत्र सौंपकर इसे तत्काल शहर से बाहर स्थानांतरित करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री के हालिया बुरहानपुर प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों ने उनसे भेंट की और वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान स्थान पर वधशाला के संचालन से क्षेत्र में कई गंभीर संकट उत्पन्न हो रहे हैं।विधायक कंचन तनवे द्वारा सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि पशु अवशेषों के अनुचित निपटान और उससे फैलने वाली दुर्गंध के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है। साथ ही स्लॉटर हाउस से निकलने वाले दूषित पानी और गंदगी से स्थानीय भूजल स्तर और वायुमंडल प्रदूषित हो रहा है। रिहायशी क्षेत्र और विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों के पास इस तरह की गतिविधियों के संचालन से बच्चों और आम नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

इसके अतिरिक्त संकरी गलियों में पशुओं को लाने-ले जाने वाले वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है जिससे स्थानीय यातायात पूरी तरह बाधित होता है।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों इमलीपुरा स्थित स्लॉटर हाउस पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद से यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पूर्व में भी प्रशासन को इस संबंध में सूचित किया गया था लेकिन अब तक कोई ठोस स्थाई समाधान नहीं निकल सका है। विधायक ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह किया है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संबंधित अधिकारियों को इस वधशाला को तत्काल प्रभाव से शहर की सीमा से बाहर किसी उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने हेतु निर्देशित करें।

# पॉक्सो सपोर्ट पर्सन कार्यशाला आयोजित




**खंडवा।** बाल संरक्षण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से न्यायपीठ, बाल कल्याण समिति खंडवा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत सभागृह में एक दिवसीय पॉक्सो सपोर्ट पर्सन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी रत्ना शर्मा ने कहा कि पॉक्सो प्रकरणों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और बेहतर समन्वय जरूरी है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने इसे क्षमता विकास का प्रभावी माध्यम बताया।प्रशिक्षण में एडीपीओ हरिप्रसाद बांके ने पॉक्सो अधिनियम के क्रियान्वयन, जबकि गणेश कानडे ने संस्थाओं के समन्वय पर प्रकाश डाला। पन्ना गुप्ता, विजय सनावा और थाना प्रभारी सुलोचना गहलोत ने भी अपने विचार रखे। डॉ. संजय इंगले ने बाल मनोविज्ञान और काउंसलिंग पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। अजय कुमार गुप्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। संचालन शीतल शर्मा ने किया।उत्कृष्ट कार्य पर सम्मान टीका सिंह बिल्लौरे, पुष्पेंद्र सिंह मंडलोई, धर्मेंद्र चौहान, शीतल शर्मा सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

# किसान मुद्दों पर कांग्रेस का चक्काजाम आज खलघाट में




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने 7 मई को मुम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित खलघाट में चक्का जाम का ऐलान किया है। खंडवा से किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रदर्शन के लिए रवाना होंगे।

जिला कांग्रेस प्रभारी एवं हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने गांधी भवन में बताया कि राज्य सरकार पर उपज केंद्रों की अव्यवस्था, भुगतान में देरी और एमएसपी को लेकर किसानों को परेशान करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि टोकन सिस्टम फेल है, किसान दिनों तक इंतजार कर रहे हैं और फसल खराब होने का खतरा है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2700 रुपये प्रति क्विंटल के वादे के बावजूद किसानों को कम कीमत मिल रही है और गेहूं-सोयाबीन का भुगतान समय पर नहीं हो रहा।

कर्ज माफी, बीमा और मुआवजा भी लंबित है।पार्टी ने खाद, डीएपी, यूरिया की कमी और नरवाई मामलों में सख्त कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई। कांग्रेस ने एमएसपी पर गारंटी, 7 दिन में भुगतान, कर्ज माफी और उपज केंद्र बढ़ाने की मांग रखी है।

प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनु गुर्जर सहित कई नेता मौजूद रहे। प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि आंदोलन को लेकर व्यापक तैयारी की गई है।

# सड़क सुरक्षा समिति और अत्याचार निवारण सम्बंधी बैठक आज

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता गुरूवार को सड़क सुरक्षा समिति, टास्क फोर्स समिति, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित समिति की बैठक लेंगे। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 7 मई गुरूवार को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित की गई है। इस दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता सनसनीखेज अपराधों, नारकोटिक्स सम्बंधी अपराधों, गबन धोखाधड़ी सम्बंधी अपराधों के सम्बंध में की गई कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। बैठक में परिवहन, खनिज, खाद्य सुरक्षा, विद्युत, नगर निगम, आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा की जीत पर खुटपल में जश्न, नेताओं ने बताया भरोसे की जीत



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** देशभर में भाजपा की चुनावी सफलता के बाद खंडवा जिले के ग्राम खुटपल में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर और विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व और जनता के विश्वास की जीत बताया।

जिला अध्यक्ष तोमर ने कहा कि यह परिणाम भय की हार और भरोसे की जीतहै। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी अब जनता के लिए सबसे बड़ा विश्वास बन चुकी है और देशभर में सुशासन के आधार पर जनादेश मिला है।

विधायक कंचन तनवे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने हिंसा, भय और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार दिया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि ममता जब निर्ममता करेंगी, तो कीमत चुकानी पड़ेगी।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जताई और नेताओं का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान झालमुड़ी वितरित कर जीत का जश्न मनाया गया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरीश सेन, सरपंच राहुल मंदवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एक नजर** ▶ आपसी समझौते के आधार पर निपटेंगे प्रकरण 9 मई को

# नेशनल लोक अदालत की तैयारियों पर व्यापक समीक्षा बैठक



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। नेशनल लोक अदालत 9 मई को आयोजित की जाएगी जिसकी तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय खंडवा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव श्रीवास्तव ने की।बैठक में जिला न्यायालय खंडवा के सभी न्यायाधीशगण भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि हरसूद एवं पुनासा तहसील के सिविल न्यायालयों के न्यायाधीश वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

बैठक में पक्षकारों से संपर्क, प्री-काउंसलिंग, समझौता प्रयासों तथा राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई। न्यायाधीशों ने बताया कि वे अधिवक्ताओं और पक्षकारों से लगातार संपर्क कर समझौता योग्य मामलों को चिन्हित कर रहे हैं और प्रकरणवार काउंसलिंग भी की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी न्यायालयों में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन को त्वरित, सुलभ और कम खर्चीला न्याय उपलब्ध कराना प्राथमिक उद्देश्य है। बैठक में विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश योगराज उपाध्याय, जिला सिंह टेकाम, आशीष प्रताप सिंह, वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# समूह की महिलाओं को दिया प्रोसेसिंग संबंधी प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** जिले में आजीविका मिशन एवं उद्यानिकी विभाग के समन्वय से इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर योजना के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्याज, टमाटर एवं अरबी की प्रोसेसिंग संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सीवी रमन यूनिवर्सिटी के सहयोग से एनक्यूबेशन सेंटर में आयोजित किया गया है।

अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बताया कि बुधवार को प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा कर समूह की महिलाओं को मार्गदर्शन देकर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग के इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को नवीन आजीविका गतिविधि से जोड़ा जा रहा है, ताकि ये महिलाएं अधिक आय अर्जित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकें।

# द्वितीय बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**खंडवा।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा 7 मई से शुरू हो रही है। परीक्षा के दौरान नकल रोकने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं।कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि सामूहिक नकल एवं परीक्षा में विघ्न डालने की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने केंद्रों का नियमित भ्रमण करें और किसी भी अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से अधिकृत अधिकारी के माध्यम से संबंधित पुलिस थाने में जमा कराई जाएं। जारी आदेश के अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा और एमएलबी कन्या विद्यालय खंडवा के लिए नायब तहसीलदार दीपाली तिरोले, पंधाना के सांदीपनी विद्यालय के लिए रमेशचंद्र चौहान, पुनासा के लिए गजानंद चौहान, हरसूद के लिए सुरेश बामनिया और खालवा के मॉडल स्कूल के लिए विनोद कुमार यादव को निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है।